केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संबोधन को विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में सरकार के संकल्प का प्रतिबिंब बताया

प्रधानमंत्री मोदी जी का यह उद्बोधन बीते 10 सालों की सफलताओं से प्रेरित होकर देश को आगे ले जाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है

मोदी जी का संबोधन न केवल देश के उज्ज्वल भविष्य का विस्तृत दृश्य प्रस्तुत करता है, बल्कि भारत में इसे प्राप्त करने के अटूट विश्वास की शक्ति भी भरता है

गृह मंत्री ने सभी देशवासियों से प्रधानमंत्री मोदी जी के संबोधन को सुन एक मजबूत भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आग्रह किया

प्रविष्टि तिथि: 15 AUG 2024 12:43PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संबोधन को विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में सरकार के संकल्प का प्रतिबिंब बताया।

X प्लेटफॉर्म पर अपनी पोस्ट में गृह मंत्री ने कहा कि "78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संबोधन विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में सरकार के संकल्प का प्रतिबिंब है। रिन्यूएबल एनर्जी से आत्मनिर्भरता, One Nation – One Election, UCC, मेडिकल शिक्षा का विस्तार, इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग और 'डिजाइन इन इंडिया' और SHG से नारी सशक्तीकरण, जैसे विषयों पर प्रकाश डालता मोदी जी का यह उद्बोधन बीते 10 सालों की सफलताओं से प्रेरित होकर देश को आगे ले जाने की प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूँ कि इस संबोधन को सुन एक मजबूत भारत के निर्माण का संकल्प लें।"

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संबोधन न केवल देश के एक उज्ज्वल भविष्य का विस्तृत दृश्य प्रस्तुत करता है, बल्कि भारत में इस लक्ष्य को प्राप्त करने के अटूट विश्वास की शक्ति भी भरता है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से भारत सुधारों के माध्यम से स्व-परिवर्तन की यात्रा कर रहा है। श्री शाह ने कहा कि Citizen-driven शासन वाला और दृढ़ता से यह विश्वास रखने वाला एक नया भारत है कि 140 करोड़ नागरिक निश्चित रूप से उस महानता, समृद्धि और प्रगति को प्राप्त कर सकते हैं जिसके वे हकदार हैं।

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी का संबोधन विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में सरकार के संकल्प का प्रतिबिंब है।

रिन्यूएबल एनर्जी से आत्मनिर्भरता, One Nation – One Election, UCC, मेडिकल शिक्षा का विस्तार, इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग… Show more

10:40 AM · Aug 15, 2024

3.4K Reply Share

Read 222 replies

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

PM Shri @narendramodi Ji's address to the nation on Independence Day not only casts a panoramic view of a radiant future on the horizon but also instills in Bharat the power of the unwavering belief that it can achieve the same.

Over the last 10 years, Bharat has charted a… Show more

10:40 AM · Aug 15, 2024

3.4K Reply Share

Read 121 replies

*****

आरके / वीवी / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2045546) आगंतुक पटल : 171

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Telugu , Assamese , Manipuri , English , Urdu , Hindi_MP , Marathi , Punjabi , Gujarati , Tamil